

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 13 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 03 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## लाड़लियों की मुख्यमंत्री ने बना दिया लक्ष्मी - राकेश पाल

### पढ़ाई की और विवाह की चिंता की दूर, उन्हें सशक्त बनाने अभिनव अभियान लाड़ली बहना योजना



केवलारी यशोः- "लाडली लक्ष्मी योजना" कार्यक्रम 2.0 के अंतर्गत "लाड़ली लक्ष्मी उत्सव" का कार्यक्रम केवलारी विधानसभा मु यालय में 02 मई को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप केवलारी राकेश पाल सिंह शामिल हुए । केवलारी विधायक श्री पाल ने कार्यक्रम के पूर्व में माता सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उपस्थित कन्याओं लाड़ली लक्ष्मीयों का पूजन किया । इसके पश्चात मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के सीधी प्रसारण में लाड़ली लक्ष्मीयों के भविष्य के लिये बेहतर योजनाओं की घोषणा करते हुये कहा कि अब बेटियों की शिक्षा आई आई टी इंजीनियरिंग,मेडिकल,वकालत की फीस भी बेटियों के मामा जी की सरकार भरेंगी।अब बेटियों को अपनी पढ़ाई की चिंता नही करनी पड़ेगी।

इस कार्यक्रम में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के साथ किसान मोर्चा में जिला अध्यक्ष देवी सिंह बघेल, नगर परिषद केवलारी अध्यक्ष सुनीता बघेल, मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, नगर परिषद केवलारी उपाध्यक्ष शिव चौधरी,बाबूलाल जंघेला, नितिन बघेल,विनोद सिसोदिया,सतीश राय,भारतीय जनता पार्टी के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ एवं महिला बाल विकास के अधिकारी आंगवाड़ी कार्यकर्त्ता एवं लाड़ली लक्ष्मीयाँ तथा उनकी माताएँ लाड़ली बहनाओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर केवलारी विधायक श्री पाल ने कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार हर वर्ग की उन्नति के लिये बेहद संवेदनशील है परंतु महिला सशक्तिकरण और किसानों के लिये शिवराज सरकार ने जितनी कल्याणकारी योजनाएँ बनायी है उतनी देश के अन्य किसी भी राज्य में नहीं बनी है । लाड़ली लक्ष्मीयों के लिये शिवराज सरकार जन्म से लेकर पूरी बेहतर शिक्षा तक की जो सुविधाएँ दी रही है वह बच्चियों के बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही है । आज हर क्षेत्र में बच्चियाँ अव्वल उपलब्धियाँ हासिल कर प्रदेश का स मान बढ़ा रही है । वहीं हमारे मु यमंत्री जी ने उन्हें पढाई के साथ उनके विवाह और विवाह के बाद एक हजार प्रतिमाह देने की योजना प्रारंभ कर उन्हें सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कदम उठाया है ।

विधायक श्री पाल ने इस अवसर पर उन लाड़ली लक्ष्मियों को प्रमाण पत्र दिये जिनके जन्म के समय लाड़ली लक्ष्मी योजना का पंजीयन हुआ था और अब उनकी आयु 16 वर्ष हो गयी है ।

# विधानसभा चुनाव 2023 के या होंगे परिणाम?

## आदिवासी वोटरों पर सत्ता का दारोमदार

सिवनी यशोः-मध्य प्रदेश में सत्ता की पांच इलाकों में बंटी है. प्रदेश को भौगोलिक रूप से महाकौशल, ग्वालियर-चंबल, मध्य भारत, निमाड़-मालवा, विंध्य और बुंदेलखंड इलाकों में बांटा गया है. इन इलाकों में जातीय और सामाजिक समीकरण अलग-अलग हैं. दोनों दलों के क्षत्रपों का प्रभाव भी है. नवंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज हम राजनैतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मालवा निमाड़ इलाके का राजनीतिक विश्लेषण करेंगे.

### मालवा-निमाड़ क्षेत्र से निकलता है सत्ता का रास्ता

मध्य प्रदेश का मालवा-निमाड़ अंचल प्रदेश की राजनीति में सबसे अधिक महत्व रखता है और कहा जा सकता है कि सत्ता का मार्ग यहीं से होकर गुजरता है, राजनीतिक दृष्टि से यह अंचल को सबसे अधिक अहम माना जाता है, मालवा निमाड़ क्षेत्र में भाजपा की स्थिती पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव में ठीक नहीं होने से भाजपा के हाथ से सत्ता फिसल गयी थी । इसका प्रमुख कारण आदिवासी वोटों का कांग्रेस के पक्ष में सीधे रूप से जाना था और यहाँ का जो एक शक्तिशाली आदिवासी सामाजिक संगठन है जय आदिवास युवा शक्ति (जयस ) वह कांग्रेस के साथ था परंतु इस बार

> **2013 में भाजपा के पास मालवा-निमाड़ की थी 56 सीटे और कांग्रेस के पास केवल 09**
> **2018 में भाजपा को यहाँ से मिली थी केवल 28 सीटे कांग्रेस को मिली थी यहाँ 35 सीटे प्रदेश में कांग्रेस विधायकों के स्तीफे के बाद यहाँ भाजपा की सीटे बढ़कर हो गयी 33 और कांग्रेस के बची 30**

स्थिती या रहती है कुछ स्पष्ट नहीं है वहीं आम आदमी पार्टी और ओवैशी की पार्टी की` या स्थिती रहती इस बात पर मालवा निमाड़ का निर्धारण होगा । हालांकि आदिवासी मतदाताओं को रिझाने के लिये सत्ताधारी भाजपा ने काफी मेहनत की यह मेहनत कितनी सफल होती है वह भाजपा के भविष्य का




निर्धारण करने वाला है । हालांकि इस क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिती हमेशा कमजोर रही है परंतु 2018 के चुनाव में जयस से समझौते के बाद कांग्रेस 35 सीटे प्राप्त करने में सफल रही ।

यहाँ बता दें कि मालवा-निमाड़ में विधानसभा की 66 सीटें आती हैं, जबकि इस अंचल में लोकसभा की 8 सीटें आती हैं. इसलिए सभी राजनीतिक दलों की नजरें इस अंचल पर रहती हैं. मालवा निमाड़ की 66 सीटों में से 22 अनुसुचित जनजाति के लिये और 09 सीटे अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित है ।

2018 के विधानसभा चुनाव में मालवा निमाड़ क्षेत्र से भाजपा को 66 सीटों में से केवल 28 सीटे मिली थी जबकि 2013 के चुनाव में भाजपा ने यहाँ से 56 सीटे जीते थी और 2013 में कांग्रेस के पास केवल 09 सीटे एक पर निर्दलीय था परंतु 2018 के चुनाव में कांग्रेस के पास इस क्षेत्र की 35 सीटे आ गयी और भाजपा की 28 सीटे कम हो गयी इस चुनाव में तीन सीटों पर निर्दलीय भी जीतने में सफल रहे ।

2018 के चुनाव में मालवा निमाड़ क्षेत्र की नाराजगी के भाजपा को भारी पड़ी और सत्ता से बाहर होना पड़ा । प्रदेश में 15 माह चली कांग्रेस सरकार के बाद 22 विधायको ने कांग्रेस से स्तीफा दे दिया और इसके पश्चात जो उपचुनाव हुये उसमें इस क्षेत्र की कांग्रेस की 35 में से 30 सीटे शेष रह गयी जबकि भाजपा की सीटे 28 से बढकर 33 हो गयी ।

कांग्रेस पार्टी मालवा निमाड़ एवं आदिवासी सीटों पर विशेष फोकस के साथ काम कर रही है वहीं भाजपा भी मालवा निमाड़ में अपने कम हुये प्रभाव को बढाने के लिये हर तरह के प्रयास करने में जुटी हुई है । मालव निमाड़ क्षेत्र की जनजाति वर्ग के लिये आरक्षित सीटों पर भाजपा को पिछले चुनाव में बड़ा नुकसान हुआ है । इस क्षेत्र की 22 जनजाति सीटों में से 17 पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि 2013 के चुनाव में भाजपा के पास 22 में से 16 सीटे थी ।

यहाँ आदिवासी संगठन जय आदिवास युवा शक्ति (जयस ) के दम पर कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भाजपा को पछाड़ने में सफलता हासिल की थी और यहाँ से कांग्रेस को 35 सीटे प्राप्त हुई थी परंतु इस बार जयस के हीरालाल अलावा ने घोषणा कर दी है कि उनका संगठन मध्यप्रदेश में 2023 का चुनाव कांग्रेस से अलग होकर 80 सीटों पर लड़ेगा । इसके लिये जयस पिछड़ो, दलितो एवं मुस्लिमों को अपने साथ लेकर चुनाव लड़ेगा और भाजपा को चुनौती देगा ।

निष्पक्ष विश्लेषण क्रमशः

## किसानों की नुकसानी का मानवीय आधार पर चिंता की जाये - पाल



केवलारी यशोः- पिछले दिनों केवलारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में अतिवर्षा और असमय ओला वृष्टि से किसानों की फसले बर्वाद हो गयी जिन्हें देखने और किसानों से प्रत्यक्ष भेंट करने केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने केवलारी क्षेत्र के उगली के घूरवाड़ा,ढुटेरा,खैरी, मोहगांव,विभारी,सरेखा, चिखली आदि ग्रामो का दौर कर पीड़ित किसानों से खेतों में जाकर मुलाकात करउन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि प्रदेश की संवेदनशील शिवराज सरकार तक आप सभी की व्यथा से मैं अवगत करा चुका हूँ शीघ्र ही नुकसानी पर राहत प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी । केवलारी विधायक श्री पाल के साथ इस अवसर पर राजस्व विभाग के आर. आई, एवं पटवारी उपस्थित थें जिन्हें श्री पाल ने निर्देशित किया कि जिन किसानों को क्षति हुई है उनकी नुकसानी का मानवीय आधार पर सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की चिंता की जाये ।

### खाद्य मंत्री आज आयेंगे

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री बिसाहूलाल सिंह प्राप्त अधिकृत दौरा कार्यक्रमानुसार बुधवार 3 मई को दोपहर 1 बजे सिवनी आएंगे। खाद्य मंत्री श्री सिंह शाम 5 बजे विभागीय अधिकारियों की बैठक लेंगे तथा रात्रि विश्राम सिवनी में करेंगे। गुरूवार 4 मई को खाद्य मंत्री श्री सिंह स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत शाम 4 बजे सिवनी से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जबरन नॉलेज




## गौरव जायसवाल बनाए गए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता

सिवनी 03 मई 2023 सिवनी यशोः- आम आदमी पार्टी दिल्ली, दिल्ली एमसीडी और पंजाब में सरकार बना चुकी है। वहीं गुजरात चुनाव में पार्टी ने पूरे गुजरात में 14 प्रतिशत वोट और 5 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया था।

इसके बाद आम आदमी पार्टी का ध्यान आगामी मध्य प्रदेश विधान सभा चुनावों पर है। पिछले माह दिल्ली के मु य मंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल जी अपने भोपाल दौरे पर मध्य प्रदेश की पूरी 230 विधान सभा सीटों पर चुनाव लडने की घोषणा कर चुके है। इसी के साथ मध्य प्रदेश में पार्टी विस्तार और संगठन निर्माण का काम भी बहुत तेज़ी से जारी है। अरविंद केजरीवाल द्वारा मध्य प्रदेश में प्रदेश स्तर पर संगठन निर्माण और मध्य प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने का काम राज्य सभा सांसद और आप के संगठन मंत्री डॉ संदीप पाठक को दी गई है। डॉ पाठक द्वारा योग्यता काम के आधार पर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं को पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। जिसमें डॉ. पाठक द्वारा अपनी वाकपटुता और भाषणों के लिए प्रसिद्ध गौरव जायसवाल को मध्य प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता की ज़ि मेदारी दी गई है। गौरव जायसवाल सिवनी से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में बहुत सक्रिय रहे है, आज कल जहां ज़मीनी लोगों से जुड़ कर बदलाव के लिए की जाने वाली राजनीति की प्रदेश में बहुत कमी होती जा रही है, वहीं गौरव जायसवाल अपनी ज़मीनी राजनीति के लिए जाने जाते है।

उन्हें अे सर लोगों की समस्या के



समाधान के लिए संघर्ष करते देखा जा सकता है। गौरव की वैचारिक और बौद्धिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए भी उन्हें पार्टी द्वारा ये महत्वपूर्ण जि मेदारी दी गई । गौरव जायसवाल को सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व में भी कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पुरुस्कार प्राप्त हुए हैं, हाल ही में उनके शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कामो के चलते उन्हें कैं ब्रिज यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को शिक्षा पर व्या यान के लिए आमंत्रित भी किया गया था। पार्टी द्वारा इस महत्वपूर्ण जि मेदारी के बाद माना जा रहा है कि, इससे प्रदेश में पार्टी और मजबूत होगी खासकर युवा पढ़ा लिखा वर्ग जो राजनीति से दूरी बनाए रखता है वो युवा भी आम आदमी पार्टी की तरफ आकर्षित होगा।

आम आदमी पार्टी लगातार प्रदेश में अपनी बढ़त बनाती दिख रही है, चूंकि आम आदमी पार्टी को नेशनल पार्टी का दर्जा मिल चुका है। साथ ही अब ये देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर नजर आ रही है,संभव है कि आगामी मध्य प्रदेश चुनाव में एक बडा बदलाव देखने को मिले।

## सरपंच और मंडल अध्यक्ष ने किया उप तहसील का शुभारंभ

छपारा यशोः- ग्राम पंचायत चमारी में नवनिर्मित उप तहसील भवन का 1 मई को सरपंच श्रीमती राधा भलावी एवं भारतीय जनता पार्टी के चमारी



मंडल अध्यक्ष ओम राजपूत कर कमलों से शुभारंभ किया गया इस अवसर पर नयाव तहसीलदार दुबे जी और उप तहसील की बाबू सहित ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती राधा भलावी वरिष्ठ भाजपा नेता धीर सिंह भलावी रामदयाल सिंह ठाकुर कैलाश कुशवाहा चुन्नी सिंह ठाकुर गुड्डू पटेल अंबिकेश्वर तेजपाल सिंह पटेल एवं चमारी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उप तहसील चमारी चमारी के शुभारंभ पर उपस्थित थे शुभारंभ की पश्चात दो तीन केसों की नयाव तहसीलदार महोदय के द्वारा सुनवाई भी की गई अब चमारी क्षेत्र के नागरिकों को काफी दिनों से उप तहसील प्रारंभ करने का इंतजार था जो आज इंतजार खत्म हो गया जिससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है । सिवनी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय बालाघाट के सांसद ढाल सिंह बिसेन विधायक दिनेश राय मुनमुन का क्षेत्र के लोगों ने आभार व्यक्त किया है

## माता को देवता मानने वाले बनो अर्थात "मातृदेवोभव"

### मातृधाम के पाटोत्सव में मां भगवती का विशेष पूजन कर जगद्गुरु जी का किया गया पावन स्मरण

सिवनी यशोः- हमारे पार्थिव शरीर की जन्मदात्रि उन्हीं का एक अंश है। अंबा की भक्ति से ही जगदंबा की भक्ति प्राप्त की जा सकती है। हम उनमें आद्य शक्ति का दर्शन करके आध्यात्मिक शांति तथा भौतिक सुख समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं। माता हमारी देवता है। श्रुति कहती है "मातृदेवोभव" अर्थात माता को देवता मानने वाले बनो। उक्त संदेश मातृधाम की स्थापना पर हम सबके परमाराध्य भगत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज पर व्यक्त कर शुभाशीर्वाद प्रदान किया था ।

उक्त जानकारी देते हुये धर्मवीर अजित तिवारी ने सिवनी जिले के छिन्दवाड़ा रोड में स्थित कातलबोड़ी ग्राम भगवत्पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज की परमाराध्या जगद्धात्री भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी एवं जन्मद्धात्री पूज्यनीया माताश्री गिरिजा



देवी की स्थापना से यह पुण्यधरा अत्यंत वंदनीय हो "मातृधाम" से प्रसिद्ध हुई। मातृधाम की पुण्य धरा आज समस्त सनातनी जनमानस के लिये आस्था, विश्वास के साथ श्रद्धा का महान केन्द्र है। यह श्री विद्या का महाशक्ति पीठ है। धर्मसम्राट जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के शुभाशीर्वाद पाटोत्सव 30 अप्रैल 2023 रविवार ÷ वैशाख शु ल दसमीं ÷ मातृधाम में वैदिक विधि विधान से मनाया गया । इस अवसर पर मां भगवती श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी का विशेष पूजन, सहस्त्रार्चन एवं भगवान ललितेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक, सहस्त्रार्चन किया गया मां भगवती श्रीमाता सायंकालीन 108 घृतदीपों से महाआरती की गयी। इस अवसर पर श्रीगुरुचरण पादुकाओं का पूजन गुरु कर पावन स्मरण किया गया । गुरु परिवार की ओर से प्रशांत तिवारी, अनादि मिश्रा, शमशेर सिंह सैनी, ईश्वरीलाल सनोड़िया,गोविन्द प्रसाद भार्गव, जगन्नाथ सनोड़िया, सीताराम सनोड़िया, घनश्याम पटेल, संजय तिवारी,संतराम पटेल, श्री भरतलाल सनोड़िया, विठ्ठल पटेल, परसराम सनोड़िया, रज्जन पटेल,श्रीमती निर्मला लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, श्रीमती अनुसुइया सनोड़िया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने तथा सभी मातृधामवासी व अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे । पाटोत्सव के अवसर पर भण्डारा, महाप्रसाद वितरण किया तथा जस- भजनों का क्रम अनवरत चलते रहा। हो माँ भगवती का पूजन अर्चन कर श्री गुरुचरण पादुकाओं का पूजन कर पावन स्मरण किया गया।

## मजदूर दिवस पर एटक ने किया कार्यक्रम

बरघाट यशोः-ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस( एटक) मजदूर यूनियन के तत्वाधान में कास्ट गार यूनियन बहरइ एवं भवन निर्माण कामगार यूनियन बरघाट के तत्वाधान में बहरइ और बरघाट में बरघाट क्षेत्र के विधायक श्रीमान अर्जुन सिंह ककोडिया के मु य आतिथ्य एवं कामरेड डीडी वासनिक संरक्षक एटक यूनियन जिला सिवनी की अध्यक्षता में 1 मई को दोनों स्थान पर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया इस अवसर पर रैली निकालकर पूरे बहराइ एवं बरघाट में भ्रमण करके सभा की गई जिसको बहरइ में मरार माली समाज के जिलाध्यक्ष राणा जी मनोज राहंगडाले कामरेड यीशु प्रकाश कामरेड ओम प्रकाश बोर्डे एवं कामरेड किरण प्रकाश जिला सचिव महिला फेडरेशन सिवनी एटक के जिलाध्यक्ष तीरथ प्रसाद गजभिए जागेश्वर परते ने संबोधित किया इसी तरह बरघाट में सभा को अर्जुन सिंह




ककोडिया स्टूडेंट फेडरेशन की ओर से यीशु प्रकाश महिला फेडरेशन की ओर से किरण प्रकाश राजेश पारदी सुरेंद्र गेराम एटक के जिलाध्यक्ष तीरथ प्रसाद गजभिए एवं सभा के अध्यक्ष कामरेड डीडी वासनिक में संबोधित किया।

पूरे विश्व में सन 18 86 मैं अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों की 8 घंटे की मांग को लेकर की गई सभा में पूंजीपतियों की पुलिस द्वारा 8 मजदूरों की गोली चला कर निर्मम हत्या कर दी गई थी उसी की याद में 1 मई मजदूर दिवस मनाया जाता है इसी कड़ी मेंसिवनी जिले में भी अनेक स्थानों पर एटक मजदूर यूनियन की ओर से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया एवं जिले में कहीं भी मेहनतकश जनता पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया गया इसी तरह शासकीय विभागों में काम करने वाले विभिन्न प्रकार के कर्मी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहाय का मध्यान भोजन कर्मी काष्ठा गान मजदूर भवन निर्माण मजदूर वन सुरक्षा श्रमिक अतिथि शिक्षक आदि के मांगों का समर्थन किया गया और अगले वर्ष फिर से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

# धारा 370 हटने के बाद जम्मू एवं कश्मीर बन रहा है भारत में निवेश का नया केंद्र

**प्रहलाद सबनानी**

ऐसा कहा जाता है कि ज मू एवं कश्मीर में धारा 370 लागू करना तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनैतिक भूल थी,` योंकि इसके कारण ज मू एवं कश्मीर के नागरिकों का अत्यधिक नु सान हुआ है। दरअसल पूरे देश में नागरिकों के हितार्थ भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं का लाभ धारा 370 के कारण ज मू कश्मीर एवं लद्दाख के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा था। साथ ही, इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा था ` योंकि अत्यधिक आतंकवाद के कारण इस क्षेत्र में कोई भी उद्योगपति अपना निवेश करने को तैयार ही नहीं होता था।

धारा 370 को लागू करने के कारण ज मू एवं कश्मीर के नागरिकों को आर्थिक नु सान के अलावा राजनैतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में पूरे भारत को ही भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून ज मू कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था।

अतः भारत सरकार के कानून ज मू कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक ज मू कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या स पत्ति नहीं खरीद सकता था। ज मू कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के स मान नहीं करने पर उन पर कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था।

यहां तक कि ज मू और कश्मीर के स बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता था, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें। ज मू और कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के किसी व्यक्ति से शादी कर लेती थी, तो उस महिला से उसके कश्मीरी होने का अधिकार छिन जाता था। इसके विपरीत यदि कोई कश्मीरी महिला पाकिस्तान में रहने वाले किसी व्यक्ति से निकाह करती थी, तो उसकी कश्मीरी नागरिकता पर कोई असर नहीं होता था। साथ ही, कोई पाकिस्तानी नागरिक यदि कश्मीरी लड़की से शादी करता था और फिर कश्मीर में आकर रहने लगता था तो उस व्यक्ति को भारतीय नागरिकता भी प्राप्त हो जाती थी। यह किस प्रकार के नियम बनाए गए थे जिनके अनुसार एक भारतीय नागरिक ज मू कश्मीर में नहीं बस सकता था परंतु एक पाकिस्तानी नागरिक यहां बस सकता था



और आतंकवाद फैला सकता था।

कुल मिलाकर धारा 370 के चलते, ज मू एवं कश्मीर के नागरिकों को लाभ के स्थान पर नु सान ही अधिक उठाना पड़ा है। परंतु, केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद इस क्षेत्र के नागरिकों को देश में लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने, इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने एवं आतंकवाद को समूल नष्ट करने के उद्देश्य से दिनांक 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने ज मू एवं कश्मीर को खास दर्जा देने वाली धारा 370 को कानूनी रूप से खत्म कर दिया था।

केंद्र सरकार का यह फैसला सचमुच में बहुत दूरदर्शी साबित हुआ है ` योंकि धारा 370 को हटाए जाने के बाद से ज मू एवं कश्मीर में कई बदलाव दृष्टिगोचर हैं। अब केंद्र के समस्त कानूनों एवं अन्य कई आर्थिक योजनाओं को वहां लागू कर दिया गया है इससे आम नागरिकों को बहुत सुविधा एवं लाभ हुआ है। आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। आतंकवादियों की कमर तोड़ दी गई है। हजारों की सं या में स्थानीय नागरिकों को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। देश का यह सबसे खूबसूरत भाग धारा 370 को लागू करने के बाद से पूरी तरह से भारत से जुड़ नहीं पाया था परंतु अब धारा 370 हटाए जाने के बाद यह क्षेत्र भी सही अर्थों में भारत के साथ जुड़ गया है।

धारा 370 को हटाए जाने के बाद से ज मू कश्मीर में जिस तरह आधारभूत संरचना का विकास हो रहा है, कर्नेक्टिविटी बढ़ रही है, उससे राज्य में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार हुआ है और केलेंडर वर्ष 2022 में रिकार्ड वृद्धि के साथ 26 लाख से अधिक पर्यटक वहां पहुंचे हैं।

भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से वर्ष 2019 तक ज मू कश्मीर में तकरीबन 14,700 करोड़ रुपए का निवेश हो पाया था, जबकि पिछले केवल 3 वर्षों में यह चार गुना बढ़कर 56,000 करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है। स्वास्थ्य से जुड़ी आधारभूत संरचना का भी तेजी से विकास हो रहा है। 2 नए एस, 7 नए मेडिकल कॉलेज, 2 स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और 15 नर्सिंग कॉलेज खुलने जा रहे हैं। इस सबसे स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के नए अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

हाल ही में पिछले दिनों श्रीनगर के सेमपोरा में विदेशी निवेश से निर्मित होने वाले 250 करोड़ रुपये की लागत के एक मॉल की आधारशिला उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने रखी। यह ज मू एवं कश्मीर में विदेशी पूंजी से बनने वाला प्रदेश का पहला मॉल होगा, जिसे 2026 तक पूरा किए जाने की स भावना है। दुबई का ए मार समूह इसका निर्माण कर रहा है। इसके अलावा ज मू और श्रीनगर में डेढ़ सौ-डेढ़ सौ करोड़ रुपये की लागत वाले एक-एक आईटी टावर का विनिर्माण भी ए मार समूह कर रहा है।

यह इसका प्रमाण है कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद की बदली परिस्थितियों में ज मू-कश्मीर में भी विदेशी निवेश आ रहा है। उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा के मुताबिक, नई औद्योगिक नीति आने के 22 महीनों में 5,000 से अधिक देसी व विदेशी कंपनियों के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। साथ ही, श्री सिन्हा ने इस अवसर पर यह घोषणा भी की कि निवेश संबंधी प्रस्ताव आने के 15 दिन के अंदर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। देश के किसी भी प्रदेश में ऐसी घोषणा शायद ही पूर्व में की गई हो।

ज मू एवं कश्मीर की अर्थव्यवस्था अभी तक कृषि और पर्यटन पर ही आधारित रही है। आतंकवाद के चलते राज्य में औद्योगिक विकास के बारे में तो कल्पना करना ही स भव नहीं था। परंतु अब विभिन्न कंपनियां पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज, रसद, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्यूटिकल, चिकित्सा, पर्यटन और शिक्षा आदि क्षेत्र में भी अपनी रुचि दिखा रही हैं और निवेश कर रही हैं।

यह सच है कि ज मू एवं कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद से स्थानीय नागरिकों में उत्साह के माहौल ने अपनी जगह बना ली है, जो कि पहिले आतंकवाद के माहौल में रहने को मजबूर थे। इस क्षेत्र में नित नए उद्योग आरंभ हो रहे हैं। यह प्रदेश के बदलते आर्थिक, वित्तीय व कारोबारी स्थिति का ही प्रमाण है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कुल 38,000 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया है।

ज मू एवं कश्मीर राज्य के लिए अगले कुछ वर्षों में कुल 75,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, ज मू एवं कश्मीर में जी-20 समूह की बैठक का आयोजन, भारत की अध्यक्षता में, किया जा रहा है। इस बैठक में विकसित देशों सहित विभिन्न देशों के उच्चस्तरीय नेता एवं अधिकारी भाग लेंगे। वस्तुतः ज मू कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार पूर्व की सभी सरकारों से अलग दृष्टिकोण से काम कर रही है। आर्थिक गतिविधियों द्वारा प्रदेश का माहौल बदलना इनमें प्रमुख है। उमीद की जा रही है कि आने वाले समय में ज मू एवं कश्मीर भी देश के अन्य राज्यों के समानांतर आर्थिक विकास की पटरी पर दौड़ता दिखाई देगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिये कानून-व्यवस्था को लेकर की बैठक

भोपाल - मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन सदन भोपाल में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में पुलिस विभाग द्वारा की जाने वाली तैयारी संबंधी बैठक की। श्री राजन ने विधानसभा निर्वाचन 2018, लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान दर्ज हुए प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा भी की। साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन–2023 के लिए कानून-व्यवस्था की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने, पुलिस पोर्टल को दुरूस्त कराने, जिलों से समय पर जानकारी प्राप्त हो इसके लिए जिलों में पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त करने, निर्वाचन की घोषणा से पूर्व कानून-व्यवस्था की साप्ताहिक जानकारी उपलब्ध कराने और जिन प्रकरणों का निराकरण हो चुका है उनकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय तिवारी (कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा) ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2018 में 1244 प्रकरण दर्ज हुए थे। 1078 प्रकरणों का अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इनमें से 577 प्रकरणों का निराकरण और 163 प्रकरणों में खात्मा दर्ज किया गया। 3 प्रकरण पुलिस विवेचना में है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन 2019 में 731 प्रकरण दर्ज कर 608 प्रकरणों का अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा 383 प्रकरणों का निराकरण और 114 प्रकरणों का पुलिस ने खात्मा दर्ज किया है। पुलिस 9 प्रकरणों की विवेचना कर रही है। श्री राजन ने लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुश्री आभा टोपो उपस्थित थी।

## व्हाट्सएप ने मार्च के महीने में 47 लाख भारतीय अकाउंट्स को किया बैन

### इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने एक बयान में कहा कि उसे मार्च में भारत में उपयोगकर्ताओं से 4,720 शिकायतें मिलीं.

नई दिल्ली- मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टेंट मैसेजिंग एप्लिकेशन व्हाट्सएप ने देश के कानूनों या व्हाट्सएप की सेवा की शर्तों का उल्लंघन करने वाले 4.7 मिलियन (47 लाख) से अधिक भारतीय खातों पर मार्च के महीने में प्रतिबंध लगा दिया है. सोमवार को जारी कंपनी की मासिक पारदर्शिता रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई.

**व्हाट्सएप के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,** ÷आईटी नियम 2021 के अनुसार, हमने मार्च 2023 के महीने के लिए अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की है. इस उपयोगकर्ता-सुरक्षा रिपोर्ट में उपयोगकर्ताओं की प्राप्त शिकायतों की जानकारी, व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ व्हाट्सएप की उसके प्लेटफॉर्म पर दुर्व्यवहार का मुकाबला करने वालीं निवारक कार्रवाइयां शामिल हैं. जैसा कि नवीनतम मासिक रिपोर्ट में दर्ज किया गया है, व्हाट्सएप ने मार्च के



महीने में 4.7 मिलियन से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया.÷

रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाट्सएप ने इस साल मार्च के दौरान कुल 47,15,906 भारतीय खातों पर प्रतिबंध लगा दिया. इनमें से कम से कम 16.59.385 खातों को उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले सक्रिय तौर पर बैन किया गया. कंपनी ने फरवरी में 45,97,400 खातों और इस साल जनवरी में 29,18,000 खातों पर प्रतिबंध लगाया था, जबकि पिछले साल दिसंबर में 36,77,000 खातों और नवंबर में 37,16,000 खातों पर प्रतिबंध लगाया गया था.

इसके अलावा, प्लेटफॉर्म ने कहा कि उसके शिकायत अधिकारी को ईमेल और डाक मेल के माध्यम से भारत में उपयोगकर्ताओं से कुल 4,720 शिकायतें मिलीं. इनमें से कम से कम 4,316 में बैन लगाने की अपील थी जिसके कारण 553 खातों के खिलाफ कार्रवाई की गई. व्हाट्सएप ने सोमवार को एक बयान में कहा, ÷एकाउंट्स ऐ शन्ड' उन रिपोर्टों को दर्शाता है जहां हमने रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई की. कार्रवाई करने से या तो किसी खाते पर प्रतिबंध लगाने या शिकायत के परिणामस्वरूप पहले से प्रतिबंधित खाते को बहाल करने का संकेत मिलता है.÷

**अपनी रिपोर्ट में, कंपनी ने कहा,** ÷शिकायत चैनल के माध्यम से उपयोगकर्ता शिकायतों का जवाब देने और कार्रवाई करने के अलावा. व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म पर दुर्व्यवहार को रोकने के लिए उपकरण और संसाधन भी तैनात करता है.÷

रिपोर्ट में कहा गया है, ÷हम विशेष रूप से रोकथाम पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं` योंकि हमारा मानना है कि हानिकारक गतिविधि को होने से रोकना बेहतर है बजाय इसके कि नुकसान होने के बाद इसका पता लगाया जाए.÷

इसमें कहा गया है कि दुरुपयोग का पता लगाना किसी खाते की जीवन शैली के तीन चरणों में संचालित होता है- रजिस्ट्रेशन के दौरान, मैसेजिंग के दौरान और नकारात्मक प्रतिक्रिया के जवाब में, जो इसे उपयोगकर्ता रिपोर्ट और ब्लॉक के रूप में प्राप्त होता है.

सौजन्य दिप्रिंट

# लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पर उनकी फीस राज्य सरकार भरेगी - मुख्यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को ÷हाँ मैं भी लाड़ली हूँ÷ की टेगलाईन देते हुए कहा कि लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का मेडिकल, आई.आई.टी., आईआईएम, विधि संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश होने पर उनकी फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जाएगी। लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के लिए प्रदेश में 9 से 15 मई की अवधि में शहर और पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें 9 मई को खेल प्रतियोगिताएँ, 10 मई को लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों को पुरस्कार वितरण, 11 मई को वित्तीय और डिजिटल साक्षरता पर कार्यक्रम, 12 मई को स्वास्थ्य परीक्षण, नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता, 13 मई को पुलिस थाना सहित शासकीय कार्यालयों का भ्रमण, 14 मई को ई-केवायसी के लिए अभियान और चित्रकला प्रतियोगिता तथा 15 मई को क्षेत्रीय पर्यटन स्थलों एवं अन्य अभिरूचि के स्थानों के भ्रमण का कार्यक्रम होगा।

मु यमंत्री श्री चौहान लाड़ली लक्ष्मी दिवस पर मु यमंत्री निवास परिसर में बेटियों के स मान, मार्गदर्शन और संवाद पर केन्द्रित राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर सहित बड़ी सं या में योजना की हितग्राही लाड़ली लक्ष्मी बेटियाँ एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

**लाड़ली बेटियों ने किया राज्य स्तरीय उत्सव का संचालन**

मु यमंत्री श्री चौहान ने मु यमंत्री निवास पधारी लाड़ली लक्ष्मियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन और कन्या-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मध्यप्रदेश गान और लाड़ली लक्ष्मी गीत के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में लाड़ली बेटी अवनि देशमुख ने स्वागत उद्बोधन दिया। बेटी चेतना साहू द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना और बेटी तनिष्का अरोरा द्वारा गाए गीत के बाद लाड़ली बेटियों ने समूह घूमर नृत्य, एकल नृत्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रभाव पर नृत्य-नाटिका




और आत्म-रक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। बेटी खुशबू राऊत ने अपने जीवन संघर्ष और लाड़ली लक्ष्मी योजना से मिले प्रोत्साहन की जानकारी दी। मु यमंत्री श्री चौहान ने योजना के प्रभावी मूल्यांकन पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया और लाड़ली बालिकाओं को स मान और प्रमाण-पत्र वितरित किए। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली घोषित ग्राम पंचायतों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। मंच संचालन लाड़ली लक्ष्मियों द्वारा ही किया गया।

**योजना से बेटियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदला**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना को 16 साल पूर्ण हो रहे हैं। प्रदेश में 44 लाख 85 हजार से अधिक लखपति लाड़लियों का परिवार बन गया, यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। बेटियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदला है। सभी क्षेत्रों में बेटियाँ अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। बेटियों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार न हो, बेटा-बेटी को समान माना जाए, इसी उद्देश्य से 16 साल पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना आरंभ की गई थी। मु यमंत्री ने कहा कि समाज एवं परिवारों में बेटी को बोझ मानने के दृष्टिकोण से बहुत पीड़ा और वेदना होती थी।

***लिंगानुपात सुधार से कारगर हुई योजना***

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटियों की स्थिति में सुधार और समाज का दृष्टिकोण बदलने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना से शुरू किये गये प्रयासों की कड़ी में बालिकाओं की शिक्षा, उनके बेहतर स्वास्थ्य और आत्म-निर्भरता के लिए प्रशिक्षण आदि के लिए अनेक योजनाएँ आरंभ की गई। बेटी का विवाह बोझ न माना जाए, इसके लिये मु यमंत्री कन्या विवाह योजना आरंभ की। इन सब प्रयासों का प्रदेश में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। प्रदेश में एक हजार बेटों पर 956 बेटियाँ जन्म ले रही हैं। लिंगानुपात में हुआ यह सुधार समाज के बदले दृष्टिकोण का परिचायक है और यह राज्य सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि है।

**महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास जारी**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटियों को प्रगति के सभी अवसर उपलब्ध कराने के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस और स्कूल शिक्षा सहित अन्य विभागों में होने वाली भर्तियों में आरक्षण की व्यवस्था तथा पंचायत और नगरीय निकायों में महिला आरक्षण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**भोपाल की ग्राम पंचायत बनी लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायत**

मु यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों में भोपाल की ग्राम पंचायत रानी खजूरी की सरपंच श्रीमती आनंदी बाई यादव, ग्राम पंचायत भाटनी जिला विदिशा की सरपंच श्रीमती कैलाश बाई, सीहोर की ग्राम पंचायत फूडरा के सरपंच श्री तेज सिंह चौहान, रायसेन की ग्राम पंचायत सीयर मऊ के सरपंच रमेश शाह और राजगढ़ की ग्राम पंचायत छापरा के सरपंच श्री कैलाश राजपूत को शॉल तथा प्रमाण-पत्र भेंट कर स मानित किया। उल्लेखनीय है कि ऐसी ग्राम पंचायतें जहाँ लाड़लियों का स मान हो, शत-प्रतिशत बालिकाएँ स्कूल में प्रवेशित हो, सभी का टीकाकरण हो, कोई बेटी कुपोषित नहीं हो, कोई बालिका अपराध नहीं हो और जहाँ बाल विवाह नहीं हो, उन पंचायतों को लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायत घोषित किया जाता है। उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बालिकाओं का हुआ स मान

मु यमंत्री श्री चौहान ने उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली लाड़ली बालिकाओं झाबुआ की कुमारी मुस्कान भूरिया को तीरंदाजी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक, सिवनी की कुमारी हिमानी बघेल को राज्य स्तर पर इंस्पायर अवार्ड, रतलाम की कुमारी केशवी तिवारी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कराटे में और रतलाम की ही कुमारी भव्या को खो-खो में राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धि के लिए ट्राफी और प्रमाण-पत्र देकर स मानित किया। भोपाल की कुमारी अनुष्का दुबे ने ताइक्वांडो में ओपन नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, उनके प्रवास पर होने से कु. अनुष्का की बहन ने मु यमंत्री श्री चौहान से ट्राफी और प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने तीन बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए।

100 वा एपीसोड

# अध्यक्ष ने हायर सेकेंडरी स्कूल बीजा देवरी मे निर्माणाधीन भवन का कार्य देखा, मजदूरों से मिले

छपारा यशोः-- लोक निर्माण विभाग परियोजना से 373ज़56 लाख रूपये कि लागत से हायर सेकेंडरी स्कूल बीजा देवरी में भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। गत दिनों जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह वरकडे द्वारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत बीजा देवरी पहुंचकर निर्माणाधीन स्कूल भवन का निरीक्षण किया उनके साथ क्षेत्रीय पत्रकार एंव पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के द्वारा स्वीकृत स्कूल भवन में लगाए जाने वाला लोहा बीम कॉलम में कहीं-कहीं स्टीमेट से कम एमएम का लोहा का उपयोग किया जा रहा है जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बीम कॉलम में लगने वाला लोहा एस्टीमेट के हिसाब से लगाया जा रहा है जबकि इस तरह के भवन क्षेत्र में और भी बनाए जा रहे हैं जहां पर लोहा की गुणवत्ता स्टीमेट के आधार पर है पर इस भवन में अनेकों स्थान पर बीम कॉलम पर 12 एमएम का लोहा का उपयोग किया जा रहा है ।

जो कई संदेह को जन्म देता है शिक्षा के मंदिर के निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई जिला सिवनी कोई भी कर्मचारी स्थल पर मौजूद नहीं था ऐसी स्थिति में इतनी बड़ी लागत से बनाए जाने वाले स्कूल भवन बगैर तकनीकी अधिकारी की मौजूदगी में निर्माणाधीन है आश्चर्य की बात है जनपद पंचायत के अध्यक्ष संदम सिंह वरकड़े से निर्माणाधीन स्कूल भवन में कार्यरत मजदूरों ने अपनी मजदूरी बढ़ाने की मांग की एवं स्कूल भवन के निर्माण में शासन के मापदंड को ध्यान में रखकर बनाए जाने की बात कहकर जनपद पंचायत के अध्यक्ष अपने आगामी कार्यक्रम में रवाना हो गए उन्होंने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की अपेक्षा व्यक्त की है ।



# कांग्रेस सत्ता में आई तो बजरंग दल पर लगायेगी प्रतिबंध, कांग्रेस के घोषणापत्र में

सिवनी यशोः- कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक विधानसभा के लिये अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है इस घोषणापत्र में कांग्रेस मतदाताओं को लुभाने के लिये अनेक आकर्षक घोषणाएँ करने के साथ प्रखर राष्ट्रवादी संगठन बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कहकर हिन्दुवादी संगठनों को उकसा दिया है कांग्रेस के लिये कर्नाटक चुनाव में बजरंगदल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा का कितना वितरीत प्रभाव पड़ेगा यह तो आगामी 10 मई को होने वाले चुनाव से स्पष्ट हो जायेगा परंतु भाजपा और हिन्दुवादी संगठनों को कांग्रेस ने पूरे देश में कांग्रेस के विरोध में बोलने और हिन्दू मतदाताओं के ध्रुवीकरण का एक ज्वलंत मुद्दा दे दिया है जो कांग्रेस को हिन्दु की हिन्दू विरोधी छवि को प्रचारित करेंगा । कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया है जिसमें कांग्रेस ने बजरंग दल की तुलना पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से की है और कहा है कि अगर उन्हें सत्ता पर काबिज होने का अवसर मिला, तो वे इसे बैन करेंगे।

विहिप के शीर्ष नेता डॉ. सुरेंद्र जैन ने कांग्रेस की इस घोषणा के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहा है कि कांग्रेस ने एक राष्ट्रभक्त संगठन बजरंग दल की तुलना राष्ट्रविरोधी संगठनों से कर अपनी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पीएफआई के लोगों ने सर तन से जुदा वाला काम किया है, वहां-वहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उसका विरोध किया है ।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि ध्यान रहे यहाँ विरोध करने का काम केवल विश्व हिंदू परिषद का नहीं अपितु हर सनातनी को कांग्रेस की इस घटिया हरकत का विरोध करना चाहिए,` योंकि बजरंग दल सनातन धर्म की रक्षा में कार्यरत संगठन हैं , जो सनातनी कांग्रेस की इस घटिया मानसिकता को देखने के बाद भी कांग्रेस को वोट देता है उसे थोड़ा विचार करना होगा की वो खुदके साथ, अपने पूर्वजों के साथ ,अपनी आने वाली पीढ़ी के साथ` या न्याय कर रहा है?




सुरेन्द्र जैन ने कहा कि ये वही कांग्रेस है जो कश्मीर फाइल्स का विरोध कर रही थी , ये वही कांग्रेस है जो अब केरला स्टोरी का विरोध कर रही हैं योंकि इनसे इनके चहेते जेहादियों क सत्य उजागर होता है .. और ये वही कांग्रेस है जिसने राम मंदिर का विरोध किया, राम सेतु को तोड़ना चाहा, प्रभु श्री राम को काल्पनिक कहा, गौमांस खाने को लोगों का अधिकार बताया

विहिप के नेता ने कहा कि जब वो खुलकर धर्म के विरुद्ध राजनीति कर सकते हैं तो हम धर्म की रक्षा के लिए राजनीति का प्रयोग` यों नहीं कर सकते ।

विहिप नेता के साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी कर्नाटक चुनावी सभा में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने वाली कांग्रेस की घोषणा पर कहा है कि पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है. यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम से भी तकलीफ होती थी और अब जय बजरंगबली बोलने वालों से भी तकलीफ हो रही है।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिलास्तरीय कार्यक्रम स पन्न

## विविध विधाओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाली जिले की लाड़ली लक्ष्मियों को किया गया स मानित




सिवनी यशोः- "लाडली लक्ष्मी योजना" कार्यक्रम 2.0 के अंतर्गत ÷लाड़ली लक्ष्मी उत्सव÷ का जिलास्तरीय कार्यक्रम स्थानीय स्मृति लॉन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, कले टर क्षितिज सिंघल, आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अभिजीत पचौरी, सहायक संचालक श्री राजेश लिल्हारे सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी स या में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं, लाड़ली बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत मु य अतिथितियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित माल्यार्पण कर तथा कन्या पूजन कर किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पचौरी द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही लाड़ली लक्ष्मी` लब एवं लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मु य अतिथि ढालसिंह बिसेन द्वारा लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को संबोधित करते हुये भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए बालिका शिक्षा एवं बालिका सशक्तिकरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित बालिकाओं को भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते हुए बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में विविध विधाओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाली जिले की लाड़ली बालिकाओं को मु य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र सह स्मृति चिन्ह भेंट कर स मानित किया गया। नवीन पंजीकृत बालिकाओं को लाड़ली आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बालिकाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई एवं किशोरी बालिकाओं को आत्म रक्षा हेतु आयोजित अपराजिता प्रशिक्षण अंतर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं द्वारा ÷मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। जिले की कुल 650 बालिकाओं को अपराजिता कार्यक्रम अंतर्गत मार्शल आर्ट कराते का प्रशिक्षण दिया गया है।

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मु य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित जनों द्वारा देखा व सुना गया। उक्त कार्यक्रम को जिले की 05 नगरीय निकाय, समस्त 645 ग्राम पंचायत, 2134 आंगनवाड़ी केन्द्रों में सीधा प्रसारण किया गया।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई में आए 59 आवेदन

सिवनी यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में कले ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत सहित सभी विभागाधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में आज विकासखण्ड कुरई ग्राम तुईयापार निवासी सुन्नेलाल द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने विषयक, सिवनी निवासी नरेश मंगोर द्वारा तीसरा समयमान वेतनमान का लाभ दिलाए जाने विषयक, सिवनी निवासी समरूलाल धुर्वे द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने विषयक, ग्राम खैरापलारी निवासी गोविंद सूर्या द्वारा आश्रित प्रामण पत्र प्रदाय कराए जाने विषयक, ग्राम परासपानी निवासी संदीप यादव द्वारा संबंल योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम मुंगवानीकलॉ निवासी सविता चौरसिया द्वारा परिवार समग्र आईडी में नाम जुड़वाने विषयक, ग्राम अरी निवासी महबूब खान द्वारा हल्का पटवारी दस्तावेजों की जांच कराए जाने विषयक, आजाद वार्ड सिवनी निवासी रेकी सिंह समुंद्रे द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाए जाने विषयक, ग्राम घुरवाड़ा निवासी लिखीराम बरमैया द्वारा शासकीय तालाब का पट्टा दिलाए जाने विषयक, सेवा निवृत्त सहा.ग्रेड 3 जिला पंचायत सिवनी विभाग आई डी पटले द्वारा सेवानिवृत्ति पश्चात देय राशि प्रदाय कराए जाने विषयक, ग्राम बिरहोली निवासी पूनाराम महारा द्वारा प्रधानमंत्री एवं मु यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक सहित कुल विषयक सहित कुल 59 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए गए।



# पार्षद और पत्रकार के सेवाभावी संस्कारों ने असहनीय दर्द से बुजुर्ग को मिली राहत



नैनपुर यशोः- नैनपुर उम्र का आखरी पड़ाव देह साथ छोड़ती हुई अपनो का पता नही सिर्फ नाम गोविद राम पिता बाल किशन सोनी पता हरियाणा बता रहे एक उम्र दराज दो दिन से स्थानीय बस स्टैंड नैनपुर में डेरा डाले थे । उनके पास से बदबू आ रही थी और पैर में घाव था लोग देखते रहे मुंह में कपड़ा बांध के निकलते रहे ।

आज जब बदबू तेज हुई तो किसी ने पार्षद मोहित झरिया को खबर दी मोहित ने स्थानीय पत्रकार दीपक को बताए तब दोनों ने बिना देर किए 108 से लकी राय और सुभाष नाग की मदद से दादा जी को सिविल अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ जानकारी आने पर पहले से ही डॉ टर राजीव चावला और स्टाफ उपलब्ध थे ड्रेसर राजेश जी पैथोलाजी के कैलाश विश्वकर्मा चतुर्थ लास कर्म चारी सोनू की मदद से घाव को खोला और साफ किया पिक विचलित कर सकती है घाव में कीड़े पड़ गए थे जिस को अच्छे से साफ किया गया जब उम्र दराज दादा को दर्द से राहत मिली दादा को भर्ती करा के चार से पांच दिन रोज ड्रेसिंग करनी है जब कीड़े जायेगे और घाव भर जायेगा नियति की मार उम्र के अंतिम पड़ाव पर भी दादा अकेला है । स्थानीय पत्रकार की और पार्षद सहित चिकित्सीय स्टाफ के सेवाभाव से उक्त बुजुर्ग का ईलाज चल रहा है और शीघ्र ही ठीक होने की बता कहीं गयी है ।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर श्रमिकों को दी गई विधिक सेवा की जानकारी

सिवनी यशोः- अंतर्राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार अंर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर लेबर चौक शुक्रवारी बाजार सिवनी में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री राजीव आप्टे एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री विकास शर्मा के मार्गदर्शन असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में श्रमिकों के लिये विधिक सेवायें योजना-2015, गरीब उन्मूलन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विधिक सेवा योजना-2015, एसिड हमले से पीड़ितों के लिये विधिक सेवाएं योजना-2016, नैशनल लोक अदालत एवं जनोपयोगी लोक अदालत की जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती गुन्ता डांगे द्वारा उपस्थित श्रमिकों को अंतर्राष्टीय श्रम दिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा श्रमिकों के हितार्थ योजना एवं श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए कहा की राष्ट निर्माण में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है मजदूर दिवस के मौके पर मजदूरों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से श्रमिक विधिक सप्ताह दिवस के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है ताकि मजदूरों के अधिकारों तथा सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी श्रमिक वर्ग तक पहुंच सके तथा श्रमिक वर्ग उसका लाभ ले सके जिससे उनकी स्थिति मजबूत बन सके साथ ही आप ने बताया कि श्रमिकों का पूर्व में जिस प्रकार से शोषण होता रहा है उसे रोकने के लिए उनके हितो की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का गठन 1919 में हुआ है मजदूर वर्ग के लोगों की स्थति सुधारने में इस संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, भारत के संविधान में मौलिक श्रम अधिकारों की एक श्रृंखला को शामिल किया गया है तथा श्रमिकों एवं मजदूरों के हितों को सुरक्षित किया गया है आपने कहा कि श्रमिकों को अपने अधिकारों की जानकारी होना चाहिए जिससे उनका शोषण न हो सके इसके लिए हमें शिक्षित होना जरूरी हैं किसी भी परिस्थिति में आप स्वयं शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रहे हो किंतु अपने बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें मजबूत बनाने में सहयोग दे साथ ही उपस्थित श्रमिकों को अपने बच्चों से बाल श्रम न करवाने हेतु प्रेरित किया गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में गठित श्रमिक प्रकोष्ठ की जानकारी देते हुए कहा कि श्रमिकों की किसी भी समस्या के निराकरण हेतु वे अपना आवेदन श्रमिक प्रकोष्ठ में प्रस्तुत कर सकते है।




# उपार्जित गेहूं की वर्षा से सुरक्षा को लेकर कले टर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं उपार्जन समिति के सदस्यों की बैठक लेकर गेहूं उपार्जन को लेकर आवश्यक दिशा? निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आकस्मिक वर्षा को ध्यान में रखकर उपार्जित गेहूं की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम जैसे तिरपाल, स्टेकिंग रखे जाएं, उपार्जन केन्द्रों से गेहूं को परिवहन कर भण्डार गृहों में सुरक्षित भण्डारित करने की कार्यवाही गति लाए जाए। कले टर श्री सिंघल ने त्वरित परिवहन के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था तथा पर्याप्त हमालों आदि की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं। इसी तरह उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों के उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर वर्षा से सुरक्षा को लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के किया गया है।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाड़ली बेटी जुनेशा अंसारी को भविष्य में मिलेगा सहारा

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन प्रदेश वासियों के सुखद भविष्य को लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाऐं बना कर उन्हें जमीनीस्तर पर संचालित कर रहा है। इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभांवित हुए हो रहे हैं। इन्हीं जनकल्यालणकारी योजनाओं में से एक %%लाडली लक्ष्मी योजना%% भी है जो बालिका जन्म के प्रति आमजनों में सकारात्मक सोच, लिंग अनुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्तर तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से संचालित है।




शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से लाड़ली बेटी जुनेशा अंसारी भी लाभांवित हुई। 2 मई को लाड़ली उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जुनेशा को %%लाडली लक्ष्मी योजना%% का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। जो जुनेशा को योजनानुसार बेहतर शिक्षा के लिए समय-समय में आर्थिक लाभ तथा 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1 लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश शासन द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी जैसी अभिनव योजना का लाभ जुनेशा को मिलने पर माता-पिता द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# ×éØ×¯ã उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करें बेरोजगार युवक-युवति

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अतंर्गत शिक्षित बेरोजगारों को स्वयं का व्यवसाय एवं स्वरोजगार जैसे- होटल / रेस्टॉरेन्ट, ईट भट्ठा निर्माण, पोहा-मुरमुरा निर्माण, कन्फें सनरी (चॉकलेट केन्डी आदि) किराना स्टोर्स, मेडिकल स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, हाईवेयर, ऑटो पॉर्ट्स, जूता -चप्पल व्यवसाय, बर्तन व्यवसाय, कृषि सेवा केन्द्र, स्टेशनरी व्यवसाय, इले ट्रॉनि स उपकरण, सेंटरिंग कार्य, चाय की दुकान, कॉकरी आदि विभिन्न व्यवसाय तथा ऑटो रि शा, टै सी, मालवाहक, जेसीबी आदि वाहन क्रय कर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए 8वीं उत्तीर्ण 18-45 आयु वर्ष के आवेदक जिसकी कुल पारिवारिक वार्षिक आय 12 लाख रूपए से अधिक न हो, किसी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो, वे योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना अंतर्गत उन्हें म.प्र. शासन द्वारा गांरटी फीस (प्रचलित दर) एवं 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज में अनुदान अधिकतम 07 वर्ष के लिये प्रदान किया जाएगा।



# नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग का दौरा कार्यक्रम

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग प्राप्त अधिकृत दौरा कार्यक्रमानुसार गुरूवार 4 मई को शाम 4 बजे सिवनी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रात्रि 8 बजे सिवनी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।



# संविदा कर्मियो ने भोपाल में किया प्रदर्शन

## 14 वें दिन हडताल जारी, दिया धरना

मंडल यशोः- एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियो की तीन सूत्रीय मांगो को लेकर हडताल 14वें दिन जारी रही। एक मई को मजदूर दिवस पर संविदा कर्मियो ने भोपाल में प्रदर्शन किया और अपनी मांगो के लिए आवाज उठाई। इसमें मंडला जिले से भी बडी सं या में संविदा स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। इधर मंडला जिला मु यालय में भी धरना जारी रहा। संविदा कर्मियो का कहना है कि मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मी संघ जिलाध्यक्ष डा. मुकेश झारिया ने बताया कि संविदा कर्मी नियमितीकरण, नियमितीकरण होने तक 5 जून 2018 की नीति लागू करने,, सीएचओ को एमएलएचपी केडर में नियमित करने, आउटसोर्स को वापस लेने, दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग को लेकर 18 अप्रैल से बेमियादी हडताल कर रहे है। इससे पहले दिसंबर में आंदोलन किया गया जिसमें एक माह में मांग पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया लेकिन मांग पूरी नहीं की गई। जिससे दोबारा हडताल की जा रही है।

संविदा कर्मियो ने एक मई को पूरे प्रदेश से भोपाल पहुंचकर आंदोलन किया। यहां एनएचएम कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। यहां मंडला में भी आंदोलन जारी रहा। भोपाल के आंदोलन में मंडला से बडी सं या में संविदा कर्मी शामिल हुए। संविदा कर्मियो की हडताल का व्यापक असर अब विभाग की सेवाओ पर दिखाई दे रहा है। जिसमें हितग्राहीमूलक योजनाओ का भुगतान लंबित हो गया है। महिला, बच्चो को सेवा नहीं मिल रही। जन्म प्रमाण पत्र बनना बंद हो चुके है। इसके अलावा अन्य सेवाएं भी प्रभावित हो गई है।

# शिकायत अटेंड नहीं करने पर होगी जुर्माने की कार्यवाही - डॉ. सलोनी सिडाना

## समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को अटेंड नहीं करने वाले अधिकारियों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की सघन मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड, एसीईओ एसएस मरावी सहित समस्त एसडीएम तथा सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन के अप्रैल माह में प्राप्त शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। इसी प्रकार 50 दिन से अधिक की शिकायतों के निराकरण के लिए भी समुचित पहल करें। सभी विभाग ए ग्रेड पर आने का प्रयास करें। कले टर ने कहा कि टीएल के प्रकरणों को



गंभीरता से लेते हुए उनका 7 दिवस में निराकरण करें। शुक्रवार तक टीएल प्रकरणों के जवाब अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल परिवहन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

### अपात्रता की स्थिति पर कारण स्पष्ट करें

लाड़ली बहना योजना की समीक्षा के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि 1 मई से 15 मई 2023 तक आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। प्रत्येक आपत्ति का गंभीरतापूर्वक अध्ययन कर उनका निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। इस संबंध में उन्होंने टीम गठित करने के भी निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि लाड़ली बहना योजना तथा सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य स्थानों पर प्राप्त आवेदनों की जांच में यदि आवेदक अपात्र पाया जाता है तो निराकरण में अपात्रता का कारण अनिवार्य रूप से अंकित करें। बैंक लिंकेज की कार्यवाही समय पर पूर्ण करें। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के तहत अनंतिम सूची के प्रकाशन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

### विकासखंड स्तर पर भेजें मेडीकल बोर्ड

मु यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण की चर्चा के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि 10 मई से 25 मई 2023 तक संचालित होने वाले अभियान के तहत आमजन से जुड़ी 67 प्रकार की सेवाएँ प्रदान की जानी है। संबंधित विभाग 1 से 10 मई तक शिविर अथवा सर्वे के माध्यम से आवेदन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विभागीय पोर्टल, सीएम हेल्पलाईन तथा ऑफ्लाईन अथवा सर्वे के दौरान प्राप्त आवेदनों की ऐ सल सीट तैयार करें तथा 10 से 25 मई के मध्य निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कले टर ने कहा कि दिव्यांगजनों की जांच के लिए विकासखंड स्तर पर मेडीकल बोर्ड भेजते हुए प्रमाण-पत्र बनवाने की कार्यवाही पूर्ण करें।

### शासकीय कार्यालयों में हों मूलभूत सुविधाएँ

बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी शासकीय कार्यालय भवनों के मेंटेनेन्स पर विशेष ध्यान दें। कार्यालयों में बेहतर साफ्सफाई तथा पुताई के लिए अभियान चलाएं। स्वच्छ पेयजल तथा शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने कार्यालय को बेहतर बनाने का प्रयास करें।

### पहली तारीख को मिले कर्मचारियों को वेतन

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों को उनके स्वत्वों का भुगतान समय पर करना संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी की जि मेदारी है। प्रत्येक कर्मचारी को माह की पहली तारीख को अनिवार्य रूप से वेतन प्रदान करें। किसी भी कर्मचारी का वेतन रोकें नहीं। यदि किसी कर्मचारी का वेतन काटा जाना है तो उसकी कार्यवाही भी समयपूर्व सुनिश्चित करें।

# भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना

मंडला यशोः-म0प्र0 आदिवासी वित एवं विकास निगम भोपाल 5 अप्रैल 2023 के माध्यम से नवीन योजना भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 40 इकाई का लक्ष्य निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है। योजना के तहत उद्योग में बैक द्वारा रू. 1 लाख से 50 लाख रू. स्वीकृत किया जायेगा। सेवा, व्यवसाय हेतु रू. 1 लाख से 25 लाख रू. दिया जाने का प्रावधान है। बैक द्वारा स्वीकृत, वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा। आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आदिवासी आवेदक के पास दो फोटो, 8वी उर्त्तीण की मार्कशीट, स्थाई जाति, मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र 12 लाख से कम, आयु 18 से 45 के बीच, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैक पास बुक, कोटेशन, सी.ए. की प्रोजे ट रिर्पोट जहां उचित है, होना अनिवार्य है। इच्छुक आदिवासी आवेदक विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय म0प्र0 आदिवासी वित्त एवं विकास निगम मण्डला (टीसीपीसी) मण्डला मो0न0 7724025461 से स पर्क कर सकते हैं।

## टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना

मंडला यशोः- म0प्र0 आदिवासी वित्त एवं विकास निगम भोपाल 5 अप्रैल 2023 के माध्यम से नवीन योजना टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना में 399 इकाई का लक्ष्य निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है। योजना के तहत बैंक द्वारा 10 हजार से 1 लाख रू. स्वीकृत किया जायेगा। बैंक द्वारा स्वीकृत, वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा। आवेदक का आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आदिवासी आवेदक के पास जरूरी दस्तावेजों में एक फोटो, साक्षर, स्थाई जाति, मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र 12 लाख से कम, आयु 18 से 55 के बीच, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, कोटेशन होना अनिवार्य है। इच्छुक आदिवासी आवेदक विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय म0प्र0 आदिवासी वित एवं विकास निगम मण्डला (टीसीपीसी) मण्डला मो0न0 7724025461 से स पर्क कर सकते हैं।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई 2023 को

मंडला यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमान एस0के0 जोशी साहब के मार्गदर्शन में 13 मई 2023 को जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय निवास/नैनपुर/भुआ बिछिया में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत में पूर्व की ही भांति न्यायालय में लंबित समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैक बाउन्स, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम और रोजगार विभाग के प्रकरण विद्युत की बकाया वसूली, जलकर, पारिवारिक विवाद, भू-अर्जन, व्यवहार न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य दीवानी प्रकृति के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किये गये हैं, लेकिन प्रस्तुत किये जाने योग्य हैं, धारा 138 चैक बाउन्स, श्रम और रोजगार विभाग, विद्युत की



बकाया वसूली, जलकर व अन्य समझौता योग्य आपराधिक तथा दीवानी प्रकृति के प्रकरणों का भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के अधिक से अधिक से समझौता योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु 1 मई 2023 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में समस्त न्यायाधीगणों व एम.ए.सी.सी. के अधिवक्तागणों व बीमा कंपनी के अधिकारीगणों की बैठक की गई। जिसमें माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त न्यायाधीशों को समझौता योग्य प्रकरणों को चिन्हित करने पक्षकारों के बीच प्रीसिटिंग बैठक कर समझौते का प्रयास करने एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिये। इस लोक अदालत में भी विद्युत की बकाया वसूली, नगरपालिका के जलकर के बकाया की वसूली तथा बैंक ऋणों की वसूली के प्रकरणों में संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार छूट दिया जाना है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला के सचिव/जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री डी0आर0 कुमरे ने कहा कि ऐसे लोग जिनके मुकदमे न्यायालय में लंबित है या न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने की पूर्व की स्थिति में हैं, वे 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी सामन्जस्य बनाकर प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। मुकदमे बाजी से छुटकारा पा सकते हैं एवं संबंधित विभागों द्वारा दी जा रही छूटों का लाभ ले सकते हैं। अतः समस्त जनमानस एवं आमजन के अपेक्षा है कि आप उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने प्रकरणों का निराकरण बिना खर्च, कम समय में कराएं।

# म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के लिए वर्ष 2023-24 हेतु प्रतिभा चयन कार्यक्रम

मंडला यशोः- खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के रायफ्ल, पिस्टल एवं शॉटगन विधा में खिलाड़ियों के चयन हेतु वर्ष 2023-24 में प्रतिभा चयन कार्यक्रम दिनांक 09 मई 2023 को जिला सिवनी में प्रातः 09 बजे से 01 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें मण्डला जिले के 13 से 16 वर्ष के बालक/बालिकाएं भाग ले सकते है।

भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शूटिंग अकादमी की तीनों विधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जावेगी साथ ही शूटिंग से संबंधित विडियों दिखाई जावेगी एवं वेपन हेंडल करने के तरीके सिखाये जावेंगे, जिससे खिलाड़ियों में शूटिंग के प्रति रूझान बड़ें एवं ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी शूटिंग में हिस्सा लें। खिलाड़ियों की ऊंचाई, वजन व उम्र के ब्योरे के साथ-साथ उनके सीखने की क्षमता के आधार पर उनका ट्रायल लिया जावेगा।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मण्डला द्वारा अपील की जाती है कि जिले के 13 से 16 वर्ष के प्रतिभावान बालक-बालिकाएं इस प्रतिभा चयन कार्यक्रम में अधिक से अधिक सं या में भाग लें। अधिक जानकारी के लिए युवा कार्यालयीन समय पर कार्यालय में स पर्क कर सकते है।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं समस्या निवारण शिविर स पन्न

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य




विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मान0 एस0के0 जोशी के मार्गदर्शन में एवं श्री डी0आर0 कुमरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 1 मई 2023 श्रम दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत लाटो, तहसील घुघरी जिला मण्डला में विधिक जाागरूकता एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री रविभान मसराम जिला समन्वयक जनसाहस, ग्राम पंचायत लाटो सरपंच श्री भरत पुसाम, ग्राम पंचायत पाटन सरपंच श्री सुन्दर लाल मसराम, श्रीमती ज्योति बरमैया चाईल्ड लाईन मण्डला, बड़ी सं या में श्रम वर्ग की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि असंगठित क्षेत्र समाज के उपेक्षित क्षेत्रों में से एक है तथा वे देश के नागरिक होने के कारण काम का अधिकार, न्यायोचित एवं मानवीय कार्य व्यवस्था, मजदूरी, मातृत्व लाभ तथा उचित जीवन स्तर के समान रुप से हकदार है। साथ ही श्रमिकों के लिए विधिक सहायता प्रकोष्ठ योजना, महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई योजना, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, म0प्र0 अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना तथा 13 मई 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। श्रीमती ज्योति बरमैया सदस्य चाईल्ड लाईन मण्डला ने चाईल्ड लाईन हेल्पलाईन के संबंध में बच्चों के प्रति हो रहे अपराधों चाईल्ड ट्रेफ्किंग, बाल विवाह, बाल मजदूरी जैसे अपराधों से सुरक्षा के संबंध में तथा चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षा में वन टाईम परीक्षा शुल्क एवं रजिस्ट्रेशन

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल के माध्यम से आयोजित समस्त परीक्षाओं में अब उ मीदवार से एक बार ही परीक्षा शुल्क लिया जायेगा। आवेदक को मात्र एक बार में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करना होगा उसके बाद पहली परीक्षा में आवेदन भरने के समय उसे निर्धारित परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क देना होगा। उसके बाद किसी भी अन्य परीक्षा में आवेदन भरते समय उसे परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। आवेदन भरते समय एम.पी. ऑनलाईन का निर्धारित पोर्टल शुल्क यथावत देय होगा।

# विद्यार्थी परिषद का प्रतिभा उदगम कार्यक्रम 10 मई तक

## 'गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियो को कला से जोड़ने की सरहनीय पहल'

मंडला यशोः- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला नगर इकाई द्वारा सदैव से ही राष्ट्रहित,समाजहित,छात्रहितों के कार्यो को करते आ रही है,आज वर्तमान समय में देखा जाए तो इस आधुनिक युग में विद्यार्थी छुट्टीयो में अपने मोबाइल में लगे रहते है,जिससे उनको मानसिक वा शारीरिक परेशानी उत्पन होती,बहुत समय से ये भी देखा जा रहा है कि विद्यार्थियों का कला के क्षेत्र में रुझान कम होता जा रहा है, विद्यार्थियो को कला के क्षेत्र में जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा 'प्रतिभा उदगम' जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियगिता दिनांक 1 मई से 10 मई तक चलाई जाएगी जिसमे गायन,नृत्य, वाध यंत्र,चित्रकला, सॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता ऑनलाईन माध्यम से होगी। जिला संयोजक वागीश पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता से बहुत से विद्यार्थी सामने आएंगे जो एक बहुत अच्छे कलाकार हो,इस प्रतियोगिता का उद्देश कलाकारों को एक मंच प्रदान करना है,साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे, तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान में आने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीयन (निशुल्क) करवाना अनिवार्य है।



# सीईओ को हटाने की मांग लेकर सरपंच संघ बैठा धरने पर

मंडला यशोः- जनपद कार्यालय मंडला के समक्ष मु य कार्यपालन अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर सरपंच संघ द्वारा धरना दिया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में सरपंच संघ द्वारा कले टर एव मंत्री समेत अनेक जि मेदारों को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई थी कि मंडला जनपद की मु य कार्यपालन अधिकारी को हटाया जाए उक्त अधिकारी पर ग्राम पंचायत देवरा के पूर्व सरपंच एवं वर्तमान पंच शेर सिंह पंदराम के साथ अभद्रता करने के आरोप लगाए गए थे। मिली जानकारी के अनुसार कले टर मैडम ने सरपंचों को इस संदर्भ में चर्चा करने के लिए बुलाया है।

# 10 से 25 मई तक चलेगा मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण

मंडला यशोः- विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा 10 से 25 मई तक मु यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ किया जा रहा है।

इस अभियान को शत प्रतिशत सफ्ल बनाने एवं योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सभी संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अभियान को पूरी गंभीरता से ले और शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दें ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होने बताया कि पूर्व में ''मु यमंत्री जन सेवा अभियान'' के माध्यम योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सफ्ल रहा और अधिक से अधिक पात्र हितग्राही लाभान्वित हुये। इसी उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ''मु यमंत्री जन सेवा अभियान'' का द्वितीय चरण 10 से 25 मई तक आयोजित किया जाना है।

अभियान के दो प्रमुख घटक होंगे

पहला घटक के तहत ऐसे सभी विभागों में, जो नागरिक सेवाओं से संबंधित हैं, उनमें राजस्व विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ऊर्जा विभाग में लंबित आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना है। पहले घटक के अंतर्गत प्रत्येक जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में नागरिक सेवाओं से संबंधित लंबित सभी आवेदनों के निराकरण का अभियान चलाया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कोई भी आवेदन बिना वैध कारण के कार्यालय में लंबित न रहे।

दूसरे घटक के अंतर्गत अभियान में सी.एम. हेल्पलाईन में 15 अप्रैल 2023 तक दर्ज एवं लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होने वाली जन-सुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को भी सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। जन-सुनवाई के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का भी निराकरण इस अभियान में किया जावे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297